## PRE-BOARD EXAMINATION(2023-24) (M)

## CLASS X

## SUBJECT : HINDI (002)

## Comprehensive Marking Scheme

# विस्तृत अंक योजना

| प्रश्न | उत्तर | कारण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| प्रश्न 1 क | A संस्कृत भाषा (गलत)<br><br>B हिन्दी भाषा (सही)<br><br>C तमिल भाषा (गलत)<br><br>D तेलुगू भाषा (गलत) | A संस्कृत भाषा - गद्यांश के अनुसार संस्कृत के प्रति प्रेम का सैलाब नहीं उमड़ा।<br><br>B हिंदी भाषा - गद्यांश के अनुसार हिंदी के प्रति प्रेम का सैलाब उमड़ा।<br><br>C तमिल भाषा - गद्यांश के अनुसार तमिल के प्रति प्रेम का सैलाब नहीं उमड़ा।<br><br>D तेलुगु भाषा - गद्यांश के अनुसार तेलुगु के प्रति प्रेम का सैलाब नहीं उमड़ा। | |
| प्रश्न 1 ख | A कला और मनोरंजन जगत ( गलत)<br><br>B साहित्य और संस्कृति जगत (गलत)<br><br>C सिनेमा और पत्रिका जगत (सही)<br><br>D मूर्ति और चित्र कला जगत (गलत) | A गद्यांश में कला और मनोरंजन जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख नहीं है।<br><br>B गद्यांश में साहित्य और संस्कृति जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख नहीं है।<br><br>C गद्यांश में सिनेमा और पत्रिका जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख है।<br><br>D गद्यांश में मूर्ति और चित्रकला जगत के द्वारा हिंदी को सर्वश्रेष्ठ भाषा मानने का उल्लेख नहीं है। | |
| प्रश्न 1 ग | A कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है| (गलत) | A कथन A सही है जबकि विकल्प में इस कथन को गलत कहा गया है। | कथन A - संस्कृत भाषा को सबसे पुरानी भाषा का |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | B कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।(सही)<br><br>C कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही नहीं है। (गलत)<br><br>D कथन (A) गलत है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही है। (गलत) | B कथन A और कारण R दोनों सही होने के कारण।<br><br>C कथन A और कारण R दोनों को विकल्प में गलत कहे जाने के कारण।<br><br>D कथन A सही है जबकि विकल्प में इस कथन को गलत कहा गया है। | स्थान दिया जाता है - गद्यांश के अनुसार सही है।<br><br>कारण R - संस्कृत भाषा हजारों वर्षों से अस्तित्व में है। - सही है तथा यह कथन A की सही व्याख्या है क्योंकि गद्यांश के अनुसार संस्कृत भाषा ईसा से पाँच हजार वर्ष पहले ही अस्तित्व में आ गई थी। |
| प्रश्न 1 घ | A विकल्प 1 सही है। (गलत)<br><br>B विकल्प 1और 2 सही है। (गलत)<br><br>C विकल्प 1, 2 और 3 एक सही है। (सही)<br><br>D विकल्प 2 और 3 एक सही है। (गलत) | A क्योंकि इसमें तर्क 1 को ही सही बताया गया है।<br><br>B क्योंकि इसमें तर्क 1 और 2 को ही सही बताया गया है।<br><br>C तीनों तर्क सही होने के कारण।<br>तर्क 1 सही है क्योंकि हिंदी भारत देश में सबसे बड़े आबादी और भू-भाग द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली भाषा है, भारत की प्रमुख संपर्क भाषा।<br>तर्क 2 सही है क्योंकि संविधान में हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है।<br>तर्क 3 सही है क्योंकि गांधी जी का यह कथन कि बिना हिंदी के भारत सूना है गाँधी जी का हिंदी के प्रति सम्मान को दर्शाता है।<br><br>D क्योंकि इसमें तर्क 2 और 3 को ही सही बताया गया है। | |
| प्रश्न 1 ङ | A 1949 में (सही) | A क्योंकि हिंदी को राजभाषा के रूप में 1949 में ही स्वीकार किया गया था। | |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | B 1950 में (गलत)<br><br>C 1948 में (गलत)<br><br>D 1952 में (गलत) | B क्योंकि 1950 वर्ष का उल्लेख गलत है।<br><br>C क्योंकि 1948 वर्ष का उल्लेख गलत है।<br><br>D क्योंकि 1952 वर्ष का उल्लेख गलत है। | |
| | | सुझाव -<br>1. विद्यार्थी गद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़ें।<br>2. पठन समय का प्रयोग करते हुए गद्यांश से जुड़े प्रश्नों को अच्छी तरह समझ लें।<br>3. गद्यांश के केंद्रीय भाव को समझने के बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।<br>4. 'कथन और कारण' के प्रश्न हल करते समय ध्यान दें कि केवल कथन और कारण का सही होना ही पर्याप्त नहीं है। कारण R, कथन A की सही व्याख्या करता है या नहीं इस बात पर ध्यान देने के बाद ही उचित विकल्प का चुनाव करें। | |
| प्रश्न 2 क | Aसमाज को (गलत)<br><br>B परिवार को(गलत)<br><br>C घर को (गलत)<br><br>D जग को (सही) | A क्योंकि कवि स्वयं की बजाय जग को देने की बात कर रहा है।<br><br>B क्योंकि कवि परिवार की बजाय जग को देने की बात कर रहा है।<br><br>C क्योंकि कवि घर की बजाय जग को देने की बात कर रहा है।<br><br>D क्योंकि कवि जग को देने की बात कर रहा है। | |
| प्रश्न 2 ख | A दुख के (गलत)<br><br>B सुख के (गलत)<br><br>C सुख-दुःख के (सही) | A विकल्प A में सिर्फ़ दुख लिखा हुआ है जबकि काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है।<br><br>B विकल्प B में सिर्फ़ सुख लिखा हुआ है जबकि काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है।<br><br>C काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | D प्रेम के (गलत) | D विकल्प D में सिर्फ़ प्रेम लिखा हुआ है जबकि काव्यांश में सुख और दुख दोनों के घूटों को पीने की बात की गई है। | |
| प्रश्न 2 ग | A धूल (सही)<br><br>B कुहरा (गलत)<br><br>C हवा (गलत)<br><br>D धुआँ (गलत) | A 'धूल' काव्य की पंक्ति में प्रयुक्त शब्द होने के कारण।<br><br>B कुहरा का काव्यांश में उल्लेख न होने के कारण।<br><br>C हवा का काव्यांश में उल्लेख न होने के कारण।<br><br>D धुआँ का काव्यांश में उल्लेख न होने के कारण। | |
| प्रश्न 2 घ | A कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।(गलत)<br><br>B कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं ।(गलत)<br><br>C कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही नहीं है। (सही)<br><br>D कथन (A) गलत है और कारण (R) कथन (A) के संदर्भ में सही है।(गलत) | A कथन A सही है जबकि विकल्प में कथन A को गलत कहा गया है।<br><br>B कथन A सही है और R गलत है जबकि विकल्प में दोनों को सही कहा गया है।<br><br>C कथन A सही है जबकि कारण R कथन A के संदर्भ में सही नहीं है।<br><br>D कथन A सही है जबकि कारण R कथन A के संदर्भ में सही कहा गया है। | कथन A - आए बनकर उल्लास कभी, आसूँ बनके बह चले अभी - पद्यांश में वर्णित है/ पद्यांश के अनुसार सही है।<br><br>कारण R - आँसू और उल्लास एक दूसरे के साथी हैं। - सही नहीं है तथा पद्यांश के अनुसार कथन A की सही व्याख्या नहीं है। |
| प्रश्न 2 ङ | A रोए (गलत)<br><br>B गाए (गलत)<br><br>C हँसे (सही)<br><br>D मुस्कुराए (गलत) | A रिक्त स्थान में 'रोए' काव्यांश के अनुसार गलत है।<br><br>B रिक्त स्थान में 'गाए' काव्यांश के अनुसार गलत है।<br><br>C रिक्त स्थान में 'हँसे' काव्यांश के अनुसार सही है।<br><br>D रिक्त स्थान में 'मुस्कुराए' काव्यांश के अनुसार गलत है। | |
| | | सुझाव -<br>1. विद्यार्थी पद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़ें। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2. पठन समय का प्रयोग करते हुए पद्यांश से जुड़े प्रश्नों को अच्छी तरह समझ लें।<br>3. पद्यांश के केंद्रीय भाव को समझने के बाद दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।<br>4. 'कथन और कारण' के प्रश्न हल करते समय ध्यान दें कि केवल कथन और कारण का सही होना ही पर्याप्त नहीं है। कारण R, कथन A की सही व्याख्या करता है या नहीं इस बात पर ध्यान देने के बाद ही उचित विकल्प का चुनाव करें। | |
| प्रश्न 3 क | A आकाश में तारों का मेला लग गया क्योंकि रात हो गई। (गलत)<br><br>B रात को आकाश में तारों का मेला लग गया। (सही)<br><br>C आकाश में तारों के मेला लगने के बाद, रात हो गई। (गलत)<br><br>D जब आकाश में तारों का मेला तब रात हुई। (गलत) | A क्योंकि यह संयुक्त वाक्य है।<br><br>B क्योंकि यह सरल वाक्य है।<br><br>C क्योंकि यह मिश्र वाक्य है।<br><br>D क्योंकि यह मिश्र वाक्य है। | |
| प्रश्न 3 ख | A जैसे तुमने झूठ बोला वैसे ही उसे दंड मिला।(गलत)<br><br>B तुम्हारे झूठ बोलने पर उसने दंड पाया।(गलत)<br><br>C उसने झूठ बोला, इसलिए दंड पाया। (सही)<br><br>D तुम्हारे झूठ बोलने के बाद उसे दंड मिला। (गलत) | A मिश्र वाक्य होने और कर्त्ता का रूप (अन्य पुरुष से मध्यम पुरुष) बदलने के कारण।<br><br>B मिश्र वाक्य होने और कर्त्ता का रूप (अन्य पुरुष से मध्यम पुरुष) बदलने के कारण।<br><br>C क्योंकि यह संयुक्त वाक्य है।<br><br>D सरल वाक्य होने और कर्त्ता का रूप (अन्य पुरुष से मध्यम पुरुष) बदलने के कारण। | |
| प्रश्न 3 ग | A सरला के कहानी सुनाने पर मंजू रो पड़ी। (गलत) | A सरल वाक्य होने के कारण। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | B सरला ने कहानी सुनाई एवं मंजू रो पड़ी। (गलत)<br><br>C सरला के कहानी सुनाने के कारण मंजू रो पड़ी। (गलत)<br><br>D सरला ने ऐसी कहानी सुनाई कि मंजू रो पड़ी।(सही) | B संयुक्त वाक्य होने के कारण।<br><br>C सरल वाक्य होने के कारण।<br><br>D मिश्र वाक्य होने के कारण। | |
| प्रश्न 3 घ | A अभिनव सच बोलता है, इसलिए वह महान है। (गलत)<br><br>B अभिनव इसलिए महान है क्योंकि वह सच बोलता है। (सही)<br><br>C अभिनव के सच बोलने के कारण वह महान हुआ। (गलत)<br><br>D अभिनव ने सच बोला और वह महान हुआ।(गलत) | A संयुक्त वाक्य होने के कारण।<br><br>B मिश्र वाक्य होने के कारण।<br><br>C सरल वाक्य होने के कारण।<br><br>D संयुक्त वाक्य होने के कारण। | |
| प्रश्न 3 ङ | A 1-iii 2-ii 3-i (गलत)<br><br>B 1-ii 2-iii 3-i (सही)<br><br>C 1-ii 2-i 3-iii (गलत)<br><br>D 1-ii 2-i 3-iii (गलत) | A कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण।<br><br>B कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित होने के कारण।<br><br>C कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण।<br><br>D कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। | |
| | | सुझाव -<br>1. विद्यार्थी 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' की अवधारणा को अच्छे से समझें।<br>2. विद्यार्थी ध्यान दें कि वाक्य परिवर्तन में काल और सर्वनाम परिवर्तन के बाद भी एक समान रहना चाहिए। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्न 4 क | A 1-iii 2-ii 3-i (सही)<br><br>B 1-ii 2-iii 3-i (गलत)<br><br>C 1-ii 2-i 3-iii (गलत)<br><br>D 1-i 2-ii 3-iii (गलत) | A कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित होने के कारण।<br><br>B कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण।<br><br>C कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण।<br><br>D कॉलम 1 और कॉलम 2 सही सुमेलित न होने के कारण। | |
| प्रश्न 4 ख | A विवेक द्वारा खेल खेला गया। (सही)<br><br>B विवेक खेल खेलता है। (गलत)<br><br>C विवेक खेल नहीं खेल सकता। (गलत)<br><br>D विवेक से खेल खेला नहीं जाता। (गलत) | A कर्मवाच्य का सही उदाहरण होने के कारण।<br><br>B कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण।<br><br>C कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण।<br><br>D भाववाच्य का उदाहरण होने के कारण। | |
| प्रश्न 4 ग | A महात्मा गांधी से शांति सन्देश नहीं जाता। (गलत)<br><br>B महात्मा गांधी ने शांति का संदेश दिया। (सही)<br>C महात्मा गांधी से शांति सन्देश नहीं दिया गया। (गलत)<br><br>D महात्मा गांधी द्वारा शांति सन्देश दिया गया। (गलत) | A कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण।<br><br>B कर्तृवाच्य का सही उदाहरण होने के कारण।<br><br>C कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण।<br><br>D कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। | |
| प्रश्न 4 घ | A बाल गोविंद भगत रोज प्रभाती गाते हैं। (गलत)<br><br>B बाल गोविंद भगत रोज प्रभाती गाएंगे। (गलत) | A कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण।<br><br>B कर्तृवाच्य का उदाहरण होने के कारण। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | C बाल गोबिन भगत द्वारा रोज प्रभाती गाया जाता था। (सही)<br><br>D बाल गोविंद भगत से रोज प्रभाती गाई जाती है। (गलत) | C भाववाच्य का सही उदाहरण होने के कारण।<br><br>D कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। | |
| प्रश्न 4 ङ | A राधा पढ़ती है। (सही)<br><br>B राधा से पढ़ा नहीं जाता। (गलत)<br><br>C राधा से पढ़ा जाता है। (गलत)<br><br>D राधा द्वारा पढ़ा जाएगा। (गलत) | A कर्तृवाच्य का सही उदाहरण होने के कारण।<br><br>B कर्मवाच्य का उदाहरण एवं निषेधात्मक होने के कारण।<br><br>C कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण।<br><br>D कर्मवाच्य का उदाहरण होने के कारण। | |
| | | सुझाव -<br>1. विद्यार्थी 'वाच्य' की अवधारणा को अच्छे से समझें।<br>2. विद्यार्थी ध्यान दें कि वाच्य परिवर्तन में काल और सर्वनाम परिवर्तन के बाद भी एक समान रहना चाहिए। | |
| प्रश्न 5 क | A सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमानकाल। (सही)<br><br>B अकर्मक क्रिया, भाववाच्य, पुल्लिंग, बहुवचन, भूतकाल\|(गलत)<br><br>C सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्यतकाल। (गलत) | A पढ़ना - सकर्मक क्रिया, कर्तृवाच्य, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमान काल, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण।<br><br>B पढ़ना - अकर्मक, भाववाच्य, भूतकाल, गलत होने के कारण।<br><br>C बहुवचन और भविष्यकाल गलत होने के कारण। | |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | D अकर्मक क्रिया, कर्मवाच्य, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमानकाल। (गलत) | D अकर्मक क्रिया, कर्मवाच्य, पुल्लिंग, गलत होने के कारण। | |
| प्रश्न 5 ख | A जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक | (गलत)<br><br>B व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, कर्ताकारक | (गलत)<br><br>C व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ताकारक |(सही)<br><br>D भाववाचक संज्ञा, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्मकारक | (गलत) | A जातिवाचक संज्ञा, बहुवचन और कर्म कारक गलत होने के कारण।<br><br>B स्त्रीलिंग, गलत होने के कारण।<br><br>C राघव - व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण।<br><br>D भाववाचक संज्ञा, बहुवचन और स्त्रीलिंग गलत होने के कारण। | |
| प्रश्न 5 ग | A सर्वनाम, पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन पुल्लिंग, कर्ता कारक। (सही)<br><br>B सर्वनाम, निजवाचक, मध्यमपुरुष, बहुवचन स्त्रीलिंग, कर्मकारक। (गलत)<br><br>C सर्वनाम, प्रश्नवाचक, उत्तमपुरुष, एकवचन स्त्रीलिंग, कर्ता कारक। (गलत) | A वह - सर्वनाम पुरुषवाचक, अन्य पुरुष, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण।<br><br>B निजवाचक, मध्यम पुरुष, बहुवचन, स्त्रीलिंग, कर्म कारक, गलत होने के कारण।<br><br>C प्रश्नवाचक, उत्तम पुरुष, स्त्रीलिंग, गलत होने के कारण। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | D सर्वनाम, संबंधवाचक, मध्यमपुरुष, एकवचन पुल्लिंग, कर्म कारक। (गलत) | D संबंधवाचक, मध्यम पुरुष, गलत होने के कारण। | |
| प्रश्न 5 घ | A रीतिवाचक क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य। (सही)<br><br>B स्थानवाचक क्रिया विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्यतकाल, भाववाच्य। (गलत)<br><br>C गुणवाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, भूत काल, कर्मवाच्य। (गलत)<br><br>D गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, एकवचन, भूतकाल कर्तृवाच्य। (गलत) | A धीरे-धीरे - रीतिवाचक क्रिया विशेषण, पुल्लिंग, एकवचन वर्तमान काल, कर्तृवाच्य, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण।<br><br>B स्थानवाचक क्रिया विशेषण, स्त्रीलिंग, बहुवचन, भविष्य काल, भाववाच्य, गलत होने के कारण।<br><br>C गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, भूत काल, कर्मवाच्य, गलत होने के कारण।<br><br>D गुणवाचक विशेषण, स्त्रीलिंग, भूत काल, गलत होने के कारण। | |
| प्रश्न 5 ङ | A संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग , फूल विशेष्य का क्रियाविशेषण। (गलत)<br><br>B गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, फूल विशेष्य का विशेषण।(सही)<br><br>C संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'फूल' का क्रियाविशेषण। (गलत) | A संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, फूल विशेष्य का क्रिया विशेषण, गलत होने के कारण।<br><br>B सुंदर - गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, फूल विशेष्य का विशेषण, दिए गए पद का सही परिचय देने के कारण।<br><br>C संख्यावाचक विशेषण, फूल विशेष्य का क्रिया विशेषण, गलत होने के कारण। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | D स्थानवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, फूल विशेष्य का विशेषण\| (गलत) | D स्थानवाचक विशेषण, एकवचन, स्त्रीलिंग, गलत होने के कारण। | |
| | | सुझाव -<br>1. विद्यार्थी 'पद परिचय' की अवधारणा को अच्छे से समझें।<br>2. रेखांकित पद के लिंग, वचन और काल पर विशेष ध्यान दें। | |
| प्रश्न 6 क | A यमक (गलत)<br><br>B श्लेष (गलत)<br><br>C उत्प्रेक्षा (सही)<br><br>D अनुप्रास (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो उसे वहां पर यमक अलंकार आता है।<br><br>B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है।<br><br>C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है। पहचान - जनु, मनु, इव, मानो, मनो, मनहुँ, आदि। यहाँ 'ज्यों' शब्द का प्रयोग हुआ है अतः यहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार है।<br><br>D अनुप्रास अलंकार में किसी एक व्यंजन वर्ण की आवृत्ति होती है। | |
| प्रश्न 6 ख | A यमक (गलत)<br><br>B श्लेष (गलत)<br><br>C उत्प्रेक्षा (गलत)<br><br>D अतिशयोक्ति (सही) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो वहाँ पर यमक अलंकार आता है।<br><br>B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है।<br><br>C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।<br><br>D जब किसी वस्तु, व्यक्ति आदि का वर्णन बहुत बाधा चढ़ा कर किया जाए तब वहां अतिशयोक्ति अलंकार होता है। इस | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अलंकार में नामुमकिन तथ्य बोले जाते हैं। यहाँ वीरता का अतिशय वर्णन है। | |
| प्रश्न 6 ग | A यमक (गलत)<br><br>B श्लेष (गलत)<br><br>C उत्प्रेक्षा (गलत)<br><br>D मानवीकरण (सही) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो वहाँ पर यमक अलंकार आता है।<br><br>B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है।<br><br>C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।<br><br>D जहाँ पर स्थिर और निर्जीव चीजों का मनुष्य के जैसा बर्ताव और क्रियाएं करने का वर्णन हो वहां पर मानवीकरण अलंकार होता है। यहाँ उषा अर्थात भोर को मानवीय क्रियाओं से युक्त दर्शाया गया है। | |
| प्रश्न 6 घ | A अतिशयोक्ति (गलत)<br><br>B श्लेष (सही)<br><br>C उत्प्रेक्षा (गलत)<br><br>D उपमा (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो उसे वहाँ पर यमक अलंकार होता है।<br><br>B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है। दीपक के चरित्र जैसा ही कुपुत्र का भी चरित्र होता है। दोनों ही पहले तो उजाला करते हैं पर बढ़ने के साथ-साथ अंधेरा होता जाता है। यहाँ 'बारे' शब्द में श्लेष अलंकार है। 'बारे' का एक अर्थ है जलाना और दूसरा अर्थ है बढ़ना।<br><br>C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।<br><br>D उपमा अर्थात् तुलना या समानता उपमा में उपमेय की तुलना उपमान से गुण, धर्म या क्रिया के आधार पर की जाती है। | |
| प्रश्न 6 ङ | A यमक (गलत)<br><br>B श्लेष (गलत) | A जिस वाक्य में एक ही शब्द की बार-बार पुनरावृत्ति होती है, लेकिन हर बार उस शब्द का अर्थ अलग-अलग होता है तो उसे वहां पर यमक अलंकार आता है। | |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | C उत्प्रेक्षा (गलत)<br><br>D अतिशयोक्ति (सही) | B जहाँ पर कोई एक शब्द एक ही बार आये पर उसके अर्थ अलग अलग निकलें वहाँ पर श्लेष अलंकार होता है।<br><br>C जहाँ उपमेय में उपमान होने की संभावना या कल्पना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षा अलंकार होता है।<br><br>D जब किसी वस्तु, व्यक्ति आदि का वर्णन बहुत बाधा चढ़ा कर किया जाए तब वहां अतिशयोक्ति अलंकार होता है। इस अलंकार में नामुमकिन तथ्य बोले जाते हैं। | |
| | | सुझाव -<br>1. विद्यार्थी 'अलंकार' की अवधारणा को अच्छे से समझें।<br>2. क्षितिज के काव्य आधारित पाठों में प्रयुक्त अलंकारों पर विशेष ध्यान दें। | |
| प्रश्न 7 क | A कबड्डी (गलत)<br><br>B हॉकी (गलत)<br><br>C गिल्ली-डंडा (सही)<br><br>D क्रिकेट(गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "हमने भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला"<br><br>D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| प्रश्न 7 ख | A महानगरों के फ्लैट में (सही)<br><br>B महानगरों के मकान में (गलत)<br><br>C महानगरों की कोठी में (गलत)<br><br>D महानगरों के हॉस्टल में (गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- "महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे परम्परागत पड़ोस कल्चर से विच्छिन्न करके हमें संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया।"<br><br>B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| प्रश्न 7 ग | A दूसरी गली तक (गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | B पड़ोसी के घर तक (गलत)<br><br>C पास के घर तक (गलत)<br><br>D पूरे मोहल्ले तक (सही) | C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- “उस जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थी बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं।“ | |
| प्रश्न 7 घ | A सहयोगी (गलत)<br><br>B कमजोर (गलत)<br><br>C असहाय (सही)<br><br>D मजबूत (गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- “महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे परम्परागत पड़ोस कल्चर से विच्छिन्न करके हमें संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया।“<br><br>D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| प्रश्न 7 ङ | A आठ वर्ष की (गलत)<br><br>B सात वर्ष की (सही)<br><br>C पांच वर्ष की (गलत)<br><br>D छह वर्ष की (गलत) | A गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>B गद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- “बड़ी बहन की शादी के समय में शायद सात साल की थी।“<br><br>C गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>D गद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| | | सुझाव -<br>1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।<br>2. विद्यार्थी गद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर दें। | |
| प्रश्न 8 क | A मानव कल्याण की भावना से युक्त व्यक्ति को (गलत)<br><br>B मानव स्वार्थ की भावना वाले व्यक्ति को (गलत) | A मानव कल्याण की भावना से युक्त व्यक्ति सुसंस्कृत व्यक्ति होता है, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है।<br><br>B मानव स्वार्थ की भावना वाला व्यक्ति मानव के हित के लिए सोचता है, उसका स्वार्थ मानवता हेतु होता है, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। | |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | C मानव कल्याण की भावना से ओत-प्रोत व्यक्ति को (गलत)<br><br>D मानव कल्याण की भावना से हीन व्यक्ति को (सही) | C मानव कल्याण की भावना से ओत-प्रोत व्यक्ति सुसंस्कृत व्यक्ति होता है, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है।<br><br>D मानव कल्याण की भावना से हीन व्यक्ति ही सही अर्थों में असंस्कृत व्यक्ति होता है जिसका मानवता से कोई लेना-देना नहीं होता, अतः यह विकल्प सही है। | |
| प्रश्न 8 ख | A काशी (गलत)<br><br>B डुमराँव (सही)<br><br>C पटना (गलत)<br><br>D गया (गलत) | A पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है।<br><br>B पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प सही है।<br><br>C पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है।<br><br>D पाठ के अनुसार बिस्मिल्लाह खान का जन्म डुमराँव (बिहार) में हुआ था, अतः प्रश्न के सन्दर्भ में यह विकल्प गलत है। | |
| | | सुझाव -<br>1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें। | |
| प्रश्न 9 क | A बहन को (गलत)<br><br>B भाई को (गलत)<br><br>C माँ को (सही)<br><br>D पिता को (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। संदर्भ- “धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य!”<br><br>D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| प्रश्न 9 ख | A दिखाना (गलत)<br><br>B देखना (गलत)<br><br>C बुलाना (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | D पहचानना (सही) | D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है क्योंकि बाल मनोविज्ञान के अनुसार शिशु हर अनजान चेहरे को पहचानने की कोशिश करता है। | |
| प्रश्न 9 ग | A मधुपर्क (सही)<br><br>B संपर्क (गलत)<br><br>C अनुराग (गलत)<br><br>D अनुभव (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। सन्दर्भ- "उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क"<br><br>B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| प्रश्न 9 घ | A यथार्थ के समान (गलत)<br><br>B सुंदर छवि के समान (सही)<br><br>C सत्य के समान (गलत)<br><br>D आभा के समान (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। सन्दर्भ- "तब तुम्हारी दन्तुरित मुसकान मुझे लगती बड़ी ही छविमान!"<br><br>C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| प्रश्न 9 ङ | A शेफालिका के (सही)<br><br>B गुलाब के (गलत)<br><br>C गेंदा के (गलत)<br><br>D चमेली के (गलत) | A पद्यांश के अनुसार यह विकल्प सही है। सन्दर्भ- "छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े, शेफालिका के फूल"<br><br>B पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>D पद्यांश के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| | | सुझाव -<br>1. क्षितिज के पद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।<br>2. विद्यार्थी पद्यांश को कम से कम दो बार अच्छी तरह पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें। | |
| प्रश्न 10क | A मुख्य गायक का साथ देने वाले को (सही) | A पाठ के अनुसार यह विकल्प सही है क्योंकि संगतकार उन्हें ही कहा जाता है जो मुख्य गायक का साथ देते हैं । | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | B मुख्य गायक का साथ न देने वाले को (गलत)<br><br>C मुख्य गायक के विरोधियों को (गलत)<br><br>D मुख्य गायक के शत्रुओं को (गलत) | B 'संगतकार' शब्द के अर्थ के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>C 'संगतकार' शब्द के अर्थ के अनुसार यह विकल्प गलत है।<br><br>D 'संगतकार' शब्द के अर्थ के अनुसार यह विकल्प गलत है। | |
| प्रश्न 10ख | A उद्धव को (सही)<br><br>B कृष्ण को (गलत)<br><br>Cगोपियों को (गलत)<br><br>D इनमें से कोई नहीं (गलत) | A पाठ के अनुसार यह विकल्प सही है क्योंकि श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। उद्धव को ही श्रीकृष्ण का सानिध्य प्राप्त है, गोपियाँ तो उनके प्रेम से अछूती हैं।<br><br>B पाठ के अनुसार श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। विकल्प में 'श्रीकृष्ण को' दिया गया है जो कि गलत है।<br><br>C पाठ के अनुसार श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। विकल्प में 'गोपियों को' दिया गया है जो कि गलत है।<br><br>D पाठ के अनुसार श्रीकृष्ण के साथ रहने के कारण उद्धव को गोपियों द्वारा भाग्यवान कहा गया है। विकल्प में 'इनमें से कोई नहीं' दिया गया है जो कि गलत है। | |
| | | सुझाव -<br>1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें। | |
| प्रश्न11 | क | • 1942-47 का समय स्वतंत्रता-आन्दोलन का समय था, हर एक युवा पूरे जोश-खरोश से इस आन्दोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा था ऐसे में लेखिका मन्नू भंडारी ने भी इस आन्दोलन का अभिन्न हिस्सा बनकर अपनी सक्रिय भूमिका निभाई ।<br>• उसने पिता की इच्छा के विरुद्ध सड़कों पर घूम-घूमकर नारेबाजी, हड़तालें, जलसे, जुलूस किए। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | इस आंदोलन में उन्होंने अपने भाषण, उत्साह तथा अपनी संगठन-क्षमता के द्वारा सहयोग प्रदान किया। | |
| | ख | • ईश्वर के प्रति उनके मन में अगाध भक्ति थी।<br>• मुस्लिम होने के बाद भी उन्होंने हिंदू धर्म का सम्मान किया तथा हिंदू-मुस्लिम एकता को कायम रखा।<br>• भारत रत्न की उपाधि मिलने के बाद भी उनमें घमंड कभी नहीं आया।<br>• वे एक सीधे-सादे तथा सच्चे इंसान थे।<br>• उनमें संगीत के प्रति सच्ची लगन तथा सच्चा प्रेम था।<br>वे अपनी मातृभूमि से सच्चा प्रेम करते थे। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |
| | ग | • जिस व्यक्ति ने समाज के लिए कुछ काम किया और वह काम अच्छा हो<br>अगर किसी ने कुछ आविष्कार किया वह चीज मानव समाज के काम आए | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |
| | ख | • उनके गीतों में जादुई प्रभाव था<br>• संध्या समय जब वे अपनी मंडली समेत गाने बैठते तो उनके द्वारा गाए पदों को उनकी मंडली दोहराया करती थी<br>• भगत के स्वर के आरोह के साथ श्रोताओं का मन भी ऊपर उठता चला जाता<br>लोग अपने तन-मन की सुध-बुध खोकर संगीत की स्वर लहरी में तल्लीन हो जाते थे। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |
| | | सुझाव -<br>1. क्षितिज के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।<br>2. 2 अंक वाले प्रश्नों में कम से कम दो विभिन्न महत्त्वपूर्ण तर्क/तथ्य अवश्य दें। | |
| प्रश्न12 | क | • बच्चे अबोध होते हैं। बच्चों की हँसी में निश्छलता होती है लेकिन बड़ों की मुस्कुराहट कृत्रिम भी होती है।<br>• बच्चे मुस्कुराते समय किसी खास मौके की प्रतीक्षा नहीं करते हैं वे तो बस... अपनी स्वाभाविक मुसकान बिखेरना जानते हैं।<br>• बड़े व्यक्ति परिपक्व बुद्धि के होते हैं, उनके मुसकुराने की खास वजह होती है। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बच्चों का मुस्कुराना सभी को प्रभावित करता है परन्तु बड़ों की मुसकान वैसा आकर्षण नहीं रखती। | |
| | ख | • फागुन में सर्वत्र मादकता सुन्दरता छाई रहती है।<br>• प्राकृतिक शोभा अपने पूर्ण यौवन पर होती है।<br>• पेड़-पौधें नए पत्तों, फल- फूलों से लद जाते हैं,<br>• हवा सुगन्धित हो उठती है।<br>• आकाश साफ-स्वच्छ होता है।<br>• पक्षियों के समूह आकाश में विहार करते दिखाई देते हैं।<br>• बाग-बगीचों और पक्षियों में उल्लास भर जाता हैं।<br>फागुन का सौंदर्य बाकी ऋतुओं से भिन्न है। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |
| | ग | • क्योंकि वे अपने गुरु और स्वामी को महत्व देते हैं<br>• वे अपने गुरु और स्वामी का सम्मान करते हैं।<br>स्वयं को आगे न बढ़ाना उनकी मनुष्यता है। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |
| | घ | • कवि ने सौन्दर्य को हर जगह छलकते हुए दिखाया है, जो घर-घर में फैला हुआ है।<br>• यहाँ 'घर-घर भर देते हो' में फूलों की शोभा की ओर संकेत है और मन में उठी खुशी की ओर भी।<br>• 'उड़ने को पर पर करना' भी ऐसा सांकेतिक प्रयोग है,<br>जो पक्षियों की उड़ान पर लागू होता है और मन की उमंग पर भी। सौंदर्य से आँख न हटा पाना भी उसके विस्तार की झलक देता है। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 2 अंक) |
| | | सुझाव -<br>1. क्षितिज के पद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।<br>2. 2 अंक वाले प्रश्नों में कम से कम दो विभिन्न महत्त्वपूर्ण तर्क/तथ्य अवश्य दें। | |
| प्रश्न13 | क | • वे लोग अपने खेल प्रकृति से ही प्राप्त करते थे और उसी प्रकृति के साथ खेलते थे।<br>• उनके लिए मिट्टी, खेत, पानी, पेड़, मिट्टी के बर्तन आदि साधन थे। | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 3 अंक) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • आज तीन वर्ष की उम्र होते ही बच्चों को नर्सरी में भर्ती करा दिया जाता है।<br>आज के बच्चे विडियो गेम, टी.वी., कम्प्यूटर, शतरंज़ आदि खेलने में लगे रहते हैं या फिर क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बेडमिण्टन या कार्टून आदि में ही अपना समय बिता देते हैं। | |
| | ख | • हिमालय कहीं चटक हरे रंग का मोटा कालीन ओढ़े हुए, तो कहीं हल्का पीलापन लिए हुए प्रतीत हुआ।<br>• चारों तरफ़ हिमालय के गहनतम वादियाँ और फूलों से लदी घाटियाँ थी।<br>• कहीं पर्वत प्लास्टर उखड़ी दीवार की तरह पथरीला दिखाई दिया और देखते-ही-देखते सब कुछ समाप्त हो गया मानो किसी ने जादू की छडी घूमा दी हो।<br>• कभी बादलों की मोटी चादर में,सब कुछ बादलमय दिखाई देता तो कभी कुछ और।<br>कटाओ से आगे बढ़ने पर पूरी तरह बर्फ से ढके पहाड़ दिख रहे थे। चारों तरफ दूध की धार की तरह दिखने वाले जलप्रपात थे तो वहीं नीचे चाँदी की तरह कौंध मारती तिस्ता नदी बह रही थी, | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 3 अंक) |
| | ग | • अपनी भीतरी प्रेरणा के लिए<br>• भावनात्मक विवशता जानने के लिए<br>• मन के दबाव से मुक्त होने के लिए<br>• प्रकाशक और संपादक का आग्रह उसे लेखन के लिए<br>आर्थिक विवशता भी लिखने को विवश करती है | प्रत्येक बिंदु पर एक अंक दिए जाएँ (अधिकतम 3 अंक) |
| | | सुझाव -<br>1. कृतिका के गद्य पाठों को अच्छी तरह से पढ़ें तथा पाठ के केंद्रीय भाव को समझते हुए महत्त्वपूर्ण तथ्यों से अवगत रहें।<br>2. 4 अंक वाले प्रश्नों में कम से कम तीन से चार महत्त्वपूर्ण तर्क/तथ्य अवश्य दें। | |
| प्रश्न14 | | अनुच्छेद लेखन -<br>विषयवस्तु 3 अंक<br>भाषा 1 अंक<br>प्रस्तुति 2 अंक | |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 1. दिए गए संकेत बिन्दुओं का क्रमिक रूप से समावेश और विश्लेषण करने पर विषयवस्तु के लिए 3 अंक दिए जाएँ।<br>2. किसी बिंदु का समावेश न हो या क्रमिक विश्लेषण न किया गया हो तो विषयवस्तु के लिए 2 अंक दिए जाएँ।<br>3. किसी एक दिए गए बिंदु का विश्लेषण करने पर विषयवस्तु के लिए 1 अंक दिए जाएँ।<br>4. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।<br>5. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 2 अंक दिए जाएँ।<br>6. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ। | |
| | | सुझाव -<br>1. अनुच्छेद लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।<br>2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।<br>3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें। | |
| प्रश्न15 | | पत्र लेखन -<br>आरंभ तथा अंत की औपचरिकताएँ 1 अंक<br>विषयवस्तु 2 अंक<br>भाषा 1 अंक<br>प्रस्तुति 1 अंक | |
| | | 1. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन करने पर 1 अंक दिए जाएँ। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन न करने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।<br>3. दिए गए विषय के संबंध में उचित तर्कों का समावेश करने पर 2 अंक दिए जाएँ।<br>4. दिए हुए विषय के संबंध में उचित तर्कों का पूरी तरह समावेश न करने पर पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।<br>6. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>7. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 0.5 अंक दिए जाएँ। | |
| | | सुझाव -<br>1. पत्र लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।<br>2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।<br>3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें। | |
| प्रश्न16 | | स्ववृत्त अथवा ई मेल लेखन-<br>आरंभ तथा अंत की औपचरिकताएँ 1 अंक<br>विषयवस्तु 2 अंक<br>भाषा 1 अंक<br>प्रस्तुति 1 अंक | |
| | | 1. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन करने पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>2. आरंभ तथा अंत की औपचरिकताओं का पूर्ण पालन न करने पर 0.5 अंक दिए जाएँ।<br>3. दिए गए विषय के संबंध में उचित तर्कों का समावेश करने पर 2 अंक दिए जाएँ। | |

DoE Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 4. दिए हुए विषय के संबंध में उचित तर्कों का पूरी तरह समावेश न करने पर पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>5. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।<br>6. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>7. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 0.5 अंक दिए जाएँ। | |
| | | सुझाव -<br>1. स्ववृत्त अथवा ई-मेल लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।<br>2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।<br>3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें। | |
| प्रश्न17 | | विज्ञापन अथवा संदेश लेखन -<br>विषयवस्तु 2 अंक<br>प्रस्तुति 1 अंक<br>भाषा 1 अंक | |
| | | 1. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/विवरण पर 2 अंक दिए जाएँ।<br>2. विषयानुकूल कम प्रासंगिक और कम प्रभावित करने वाले तर्क/विवरण पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>3. भाषिक शुद्धता (उपयुक्त शब्द चयन एवं वाक्य विन्यास) पर 1 अंक दिए जाएँ। कम गलतियाँ होने पर 0.5 दिए जाएँ।<br>4. विचार और भाषा के उचित तालमेल और मनमोहक प्रस्तुति पर 1 अंक दिए जाएँ।<br>5. विचार और भाषा का उचित तालमेल न होने पर और कम मनमोहक प्रस्तुति पर 0.5 अंक दिए जाएँ। | |

DoE, Delhi

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | सुझाव -<br>1. विज्ञापन अथवा संदेश लेखन की अवधारणा को अच्छी तरह से समझ कर उत्तर लिखें।<br>2. समसामायिक विषयों से परिचित रहें।<br>3. विषयानुकूल प्रासंगिक और प्रभावित करने वाले तर्क/तथ्य का अपने लेखन में समावेश करें। | |

DoE, Delhi